

# द. अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराया



## ➡द. अफ्रीका ने टूर्नामेंट में जारी रखा अपना विजय अभियान

**नयी दिल्ली, 1 मार्च. गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद डेवाल्ड ब्रेविस (42) और जॉर्ज लिंडे (नाबाद 30 रन / एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए रविवार को टी-20 विश्वकप के सुपर आठ मुकाबले में जिम्बाब्वे को पांच विकेट से शिकस्त दी.**

154 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत अच्छी नहीं हुई, उसने 14 रन के स्कोर पर कप्तान एडन मारक्रम (चार) और क्विंटन डी कॉक (शून्य) के विकेट गंवा दिये. इसके बाद रायन रिकलटन और डेवाल्ड ब्रेविस की जोड़ी ने पारी को संभालने का प्रयास किया. छठे ओवर में ब्रैड एवांस ने रायन रिकलटन को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया. रिकलटन ने 22 गेंदों में चार छक्के लगाते हुए (31) रन बनाये.

डेविड मिलर ने 16 गेंदों में दो चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 22 रन बनाये. उन्हें 10वें ओवर में ब्लेसिंग मुजाराबानी ने आउट किया. अगले ही ओवर में सिकंदर रजा ने डेवाल्ड ब्रेविस को आउट कर पवेलियन भेज दिया. ब्रेविस ने 18 गेंदों में दो चौके और चार छक्के उड़ाते हुए 42 रनों की पारी खेली. दक्षिण अफ्रीका ने 17.5 ओवरों में पांच विकेट पर 154 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया. जॉर्ज लिंडे ने 21 गेंदों पर दो चौके और एक छक्के लगाते हुए 30 रनों की नाबाद पारी खेली. वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने 21 रन बनाकर नाबाद रहे. जिम्बाब्वे के लिए सिकंदर रजा ने तीन विकेट लिये. ब्लेसिंग मुजारबानी और ब्रैड एवांस ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया. इससे पहले आज यहां कप्तान सिकंदर रजा (73 ) और क्लाइव मडांडे (नाबाद 26) की शानदार पारी के दम पर जिम्बाब्वे ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात विकेट पर 153 रन का स्कोर बनाया.



## कबड्डी टैलेंट को मिलाने वाला स्ट्रक्चर्ड प्लेयर होगा ड्राफ्ट

**नयी दिल्ली, 01 मार्च.** यूरोप, अफ्रीका और एशिया के इंटरनेशनल प्लेयर्स के हिस्सा लेने की हाल ही में हुई पुष्टि के बाद, ग्लोबल प्रवासी कबड्डी लीग ने रविवार को घोषणा की कि सीजन 2 में एक स्ट्रक्चर्ड प्लेयर ड्राफ्ट फ्रेमवर्क होगा, जिसका मकसद बैलेंस्ड और कॉम्पिटिटिव टीमें बनाना है. ड्राफ्ट सिस्टम को घरेलू और इंटरनेशनल टैलेंट को मिलाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, एक यूनिफाइड लीग स्ट्रक्चर के तहत पुरुष और महिला दोनों एथलीटों की इनक्लूसिव हिस्सेदारी सुनिश्चित की गई है.

### एक नजर में

## विश्व कप में फरहान ने विराट को पीछे छोड़ा

**पल्लेकेले.** टी20 विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में पाकिस्तान के साहिबज़ादा फ़रहान ने विराट कोहली को पछाड़ दिया है. श्रीलंका के ख़िलाफ पाकिस्तान के सुपर-8 मुक़ाबले से पहले फरहान कोहली से 38 रन पीछे थे, कोहली ने 2014 के टी20 विश्व कप में कुल 319 रन बनाए थे. फ़रहान ने चौका जड़ते हुए 40 रन पूरे किए और यह चौका उन्हें सर्वाधिक रनों के मामले में कोहली से आगे ले गया. फ़रहान इस टूर्नामेंट में शानदार फ़ॉर्म में चल रहे हैं और श्रीलंका के ख़िलाफ मुक़ाबले सहित अमेरिका और नामीबिया के ख़िलाफ़ अर्धशतक जड़ते हुए कुल तीन अर्धशतक लगा चुके हैं. इसके साथ ही उन्होंने नामीबिया के ख़िलाफ शतक भी लगाया था. फ़रहान ने इस टूर्नामेंट में 158 से अधिक के स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं जबकि कोहली ने 2014 में चार अर्धशतक लगाते हुए 129.14 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे. फ़रहान इस टूर्नामेंट में 18 छक्के लगा चुके हैं जो कि एक संस्करण में सर्वाधिक छक्के भी हैं, शिमरॉन हेटमायर ने अब तक इस संस्करण में कुल 17 छक्के लगाए हैं.



## ग्रीक्सपूर के हटने से मेदवेदेव ने दुबई खिताब जीता



**दुबई.** दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीता, जब टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण फाइनल से पहले हट गए. ग्रीक्सपूर को शुक्रवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी सेमीफाइनल जीत के दौरान चोट लगी थी. डचमैन ने एक सर्व के बाद अजीब तरह से लैंड किया और, हालांकि उन्होंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, वह चैंपियनशिप मैच के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए, जिसके परिणामस्वरूप वॉकओवर हो गया. ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान ग्रीक्सपूर ने कहा, 'मैं बेहतर हो गया हूँ, यह पक्का है .बदकिस्मती से, सेमीफ़ाइनल के दौरान मुझे चोट लग गई. मैं आज सुबह हॉस्पिटल गया और कुछ स्कैन हुए, जिसमें कुछ सीरियस दिखा. इसकी वजह से मैं आज रात कोर्ट पर नहीं आ पाया और आने वाले हफ़्तों में भी कोर्ट पर नहीं आ पाऊँगा.' यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल क्राउन है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सीज़न का दूसरा क्राउन है.

## फ्लेवियो कोबोली ने अकापुल्को में खिताब जीता



**अकापुल्को.** कोबोली ने शनिवार को एबिएर्टो मेक्सिकनो टेलसेल में अपना पहला हार्ड-कोर्ट एटीपी टूर टाइटल और कुल मिलाकर तीसरा टाइटल जीता. अकापुल्को में पाँचवीं सीड वाले इस इटैलियन ने चैंपियनशिप मैच में फ़्रांसेस टियाफ़ो को 7-6(4), 6-4 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया. कोबोली ने अपने फ़ोरहैंड को एकदम सही मारा और पूरे मैच के दौरान अपनी शॉट बनाने की काबिलियत दिखाई. अपने टाइटल रन की बदौलत, कोबोली सोमवार की एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सबसे ऊँचे नंबर 15 पर पहुंच जाएँगे. कोबोली ने कहा, 'जब मैं बच्चा था, तो मैं इस पल का सपना देखता था.' 'इस तरह के टूर्नामेंट के लिए, सेंटर कोर्ट पर खेलना और लोगों का मेरे लिए चीयर करना. मुझे बहुत गर्व है, न सिर्फ़ अपने लिए, बल्कि मेरे लिए काम करने वाले लोगों के लिए भी - मेरे पापा, मेरा परिवार, मेरी टीम के बाकी लोग. वे मेरी बहुत मदद करेंगे.

## जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान



**श्रीनगर.** 'आक़िब नबी ने जम्मू-कश्मीर को खेलों में दिलाई नई पहचान', ये जम्मू-कश्मीर के पूर्व कप्तान परवेज रसूल के शब्द थे जो आक़िब नबी का शुक्रिया अदा कर रहे थे. नबी ने 60 विकेट चटकाए जिसमें से 26 केवल नॉकआउट में ही आए थे और अपनी टीम को चैंपियन बनाया. छह साल पहले जनवरी 2020 में रसूल ने ही नबी को उनकी रणजी ट्रॉफ़ी की पहली कैप थमाई थी. रसूल ने आख़िरी बार 2022 में जम्मू-कश्मीर के लिए खेला था, लेकिन उनका दिल आज भी खिलाड़ियों के लिए धड़कता है. उन्हें शनिवार को कुछ काम के लिए अपने होमटाउन से श्रीनगर जाना था. उन्हें यह नहीं पता था कि मैच कब समाप्त होगा तो विजयी लम्हों को मिस न करने के लिए वह काफ़ी जल्दी ही घर से निकल गए थे. रसूल वर्तमान समय में जम्मू-कश्मीर स्पोर्ट्स काउंसिल में कोचिंग कर रहे हैं. अपने एक दशक से भी लंबे करियर और आईपीएल से हुई कमाई से उन्होंने अपने होमटाउन में साउथ कश्मीर क्रिकेट अकादमी बनाई है. लगभग दो सप्ताह से वह अपनी अकादमी के बच्चों से यही सुन रहे हैं कि वे भी नबी जैसी गेंदबाजी करना चाहते हैं.

# सैमसन ने जड़ी 16 ताबड़तोड़ बाउंड्री

## वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में भारत

**कोलकाता, 1 मार्च. टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में रविवार को सेमीफाइनल का टिकट हासिल कर लिया है. भारतीय टीम ने ईडन गार्डन्स के मैदान पर खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया. कैरेबियाई टीम से मिले 196 रनों के लक्ष्य को टीम इंडिया ने 19.2 ओवर में चेज कर लिया. यह भारतीय टीम का टी20 विश्व कप का सबसे बड़ा रन चेज भी है.**



वेस्टइंडीज से मिले 196 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही. अभिषेक शर्मा बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ 10 रन बनाकर आउट हुए. ईशान किशन को भी जेसन होल्डर ने महज 10 रनों के स्कोर पर पवेलियन भेजा. 41 रन पर 2 विकेट गंवाकर मुश्किल में दिख रही टीम इंडिया की पारी को संजू सैमसन ने कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ मिलकर संभाला. दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 58 रन जोड़े. सूर्या 16 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुए. हालांकि, संजू सैमसन ने एक छोर से अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी जारी रखी और उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया. तिलक वर्मा अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके और 15 गेंदों में 27 रन बनाने के बाद जेसन होल्डर का शिकार बने. हार्दिक पांड्या ने 14 गेंदों में 17 रन बनाए. संजू एक छोर संभालकर खड़े रहे और उन्होंने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 97 रनों की नाबाद पारी खेली. अपनी इस इनिंग में संजू ने 12 चौके और 4 छक्के लगाए. शिवम दुबे 8 रन बनाकर नाबाद रहे.

इससे पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज ने 20 ओवर में 4 विकेट गंवाकर स्कोरबोर्ड पर 195 रन लगाए. टीम की तरफ से रोस्टन चेज ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 5 चौके और एक छक्के की मदद से 25 गेंदों में 40 रन बनाए. वहीं, अंत के ओवरों में रोवमैन पॉवेल ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में 34 रनों की नाबाद पारी खेली.

जेसन होल्डर भी अच्छी लय में नजर आए और उन्होंने 22 गेंदों का सामना करते हुए 37 रनों की दमदार पारी खेली. होल्डर और पॉवेल ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 35 गेंदों में 76 रनों की अटूट साझेदारी निभाई, जिसके बूते वेस्टइंडीज बड़ा टोटल खड़ा करने में सफल रही.

भारत की ओर से गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह सबसे सफल गेंदबाज रहे. बुमराह ने 4 ओवर में 36 रन देकर 2 विकेट निकाले. वहीं, वरुण चक्रवर्ती और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट चटकाया. भारत के खिलाफ मिली हार के साथ ही वेस्टइंडीज का टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सफर समाप्त हो गया है.



## चेन्नई सुपरकिंग्स के प्री-सीजन कैंप में धोनी भी हिस्सा लेंगे

**चेन्नई.** चेन्नई सुपर किंग्स रविवार से अपनी आईपीएल की तैयारी शुरू की. मैनेजमेंट ने कन्फर्म किया है कि 24 घंटे में एक कैंप शुरू होगा और सभी भारतीय खिलाड़ी इसके लिए इकट्ठा होंगे. सीएसके के स्टार खिलाड़ी एमएस धोनी भी कैंप का हिस्सा होंगे. फ्रेंचाइजी के सीईओ काशी विश्वनाथन ने शनिवार (28 फरवरी) को क्रिकबज को बताया, 'हां, मैं कन्फर्म कर सकता हूं कि हमारा कैंप कल शुरू होगा और एमएस भी इसका हिस्सा होंगे. हम उम्मीद कर रहे हैं कि रविवार तक सभी यहां आ जाएंगे.' उन्होंने पहले इस वेबसाइट को बताया था कि धोनी आने वाले सीजन में खेलेंगे. लगभग 15 खिलाड़ी, जो सभी भारतीय हैं, चेन्नई में फ्रेंचाइजी के हाई-परफ़ॉर्मेंस सेंटर में होने वाले तैयारी कैंप में शामिल होने की उम्मीद है. संजू सैमसन और शिवम दुबे जैसे भारत के इंटरनेशनल खिलाड़ी, जो भारतीय टीम का हिस्सा हैं और अभी टी20 वर्ल्ड कप में खेल रहे हैं, इस बड़े इवेंट के खत्म होने के बाद कैंप में शामिल होंगे.



## मीनाक्षी, नेहा ने कुश्ती में जीते रजत पदक

**तिराना, 01 मार्च. भारतीय पहलवान मीनाक्षी और नेहा सांगवान ने मुहामेट मालो 2026 कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 53किग्रा और 57किग्रा फ्रीस्टाइल कैटेगरी में रजत पदक जीते.**

शनिवार को खेले गये मुकाबले में महिलाओं के 53किग्रा वर्ग में, जो नॉर्डिक सिस्टम के तहत लड़ा गया था, मीनाक्षी ने न्यूट्रल एथलीट नतालिया मालिशेवा, जो 2025 यूरोपियन चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा. 25 साल की भारतीय पहलवान ने मालिशेवा के खिलाफ 5-0 की हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, लेकिन दूसरे राउंड में पोलैंड की रोक्साना मार्टा जसीना पर 7-0 से जीत के साथ जबरदस्त वापसी की.

## हीली ने 98 गेंदों में ठोके 158 रन

### ऑस्ट्रेलिया ने किया भारत को क्लीन स्वीप

**होबार्ट, 01 मार्च एलिसा हीली ने अपनी आखिरी इनिंग्स में रविवार को 98 गेंदों पर शानदार 158 रन बनाकर वनडे क्रिकेट को एक परीकथा जैसा अलविदा कहा, जबकि बेथ मूनी ने नाबाद सेंचुरी बनाई, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 7 विकेट पर 409 रन का जबरदस्त स्कोर बनाया.**



ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 45.1 ओवर में 224 रन पर ढेर कर मुकाबला 185 रन से जीत लिया और सीरीज को 3-0 से क्लीन स्वीप किया. हीली को 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला. लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की तरफ से स्नेह राणा ने सर्वाधिक 44 और जेमिमा रोड्रिग्स ने 42 रन बनाये. ओपनर प्रतीका रावल ने 27, दीप्ति शर्मा ने 29 और कप्तान करमनप्रीत कौर ने 25 रन बनाये. ऑस्ट्रेलिया की तरफ से अलाना किंग ने 33 रन पर चार विकेट और जॉर्जिया वेयरहम ने तीन रन पर दो विकेट लिए. इससे पहले भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया. हीली, जो अपनी पारी के दूसरे हाफ में पिंडली की समस्या से जूझ रही थीं, ने अपने शानदार करियर की किसी भी सबसे अच्छी पारी के बराबर एक शानदार प्रदर्शन किया.

**यूथ डेल्फिक गेम्स** ▶ भारतीय दल में 41 युवा कलाकार होंगे शामिल

# भारत पहले यूथ डेल्फिक गेम्स में भाग लेगा




**नयी दिल्ली, 01 मार्च. भारत बिश्केक, किर्गिज़स्तान में आयोजित पहले यूथ डेल्फिक गेम्स में भाग लेगा. भारतीय दल में 41 युवा कलाकार शामिल होंगे -जिसमें 21 दिल्ली से, 10 हिमाचल प्रदेश से, चार कर्नाटक से और एक-एक उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और हरियाणा से शामिल हैं. भारतीय दल 22 मार्च को बिश्केक के लिए रवाना होगा.**

आधुनिक पाइथियन गेम्स के संस्थापक बिजेन्दर गोयल ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी देते हुए कहा, ''मैं इतिहास में पहली बार, आधिकारिक रूप से संगठित राष्ट्रीय युवा कलाकारों की टीम को पहले यूथ डेल्फिक गेम्स में भाग लेने के लिए भेज रहा है. यह कोई सामान्य सांस्कृतिक यात्रा नहीं है. यह भारत की वैश्विक सांस्कृतिक प्रतियोगिता के मंच पर औपचारिक एंट्री है-ठीक वैसे ही जैसे खेलों में हमारी टीमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करती हैं. बिजेन्दर गोयल ने कहा, ''हमारे युवा कलाकार भारत का प्रतिनिधित्व संगीत, नृत्य, गायन, लोक कलाओं, दृश्य कला, कला एवं शिल्प, पियानो और कई अन्य रचनात्मक विधाओं में करेंगे.

> गोयल ने कहा, ''एक और महत्वपूर्ण बात मैं साझा करना चाहता हूँ. रूस के साथ, इंटरनेशनल डेल्फिक कमेटी, मॉस्को के माध्यम से हमारा औपचारिक सहयोग और समझौता ज्ञापन हुआ है. इस साझेदारी से मॉडर्न पाइथियन गेम्स को वैश्विक पहचान मिली है और भारत एक नए अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक ढांचे के केंद्र में आया है. यह पहचान सिर्फ पाइथियन गेम्स के लिए नहीं, बल्कि दुनिया में भारत की सांस्कृतिक नेतृत्व भूमिका के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है. लंबे समय तक कला और संस्कृति वैश्विक स्तर पर बिखरी हुई रहीं.